तापमान
30.0° अधिकतम | 24.1° न्यूनतम

# शुभम संदेश
एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in
रांची, बुधवार 31 जुलाई 2024 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 113
आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**ये कैसी विडंबना :** पिता ने पूरी जिंदगी एसटी श्रेणी में रह कर गुजार दी, अब इनके बच्चे गैर आदिवासी बन कर रहे हैं संघर्ष

# अपनी पहचान बचाने के लिए संघर्ष कर रहे पौने तीन लाख भुईंहर मुंडा

कौशल आनंद। रांची

झारखंड में कम से कम पौने तीन लाख की आबादी वाले भुईंहर मुंडा अपनी जाति की पहचान कायम रखने के लिए 24 साल से संघर्ष कर रहे हैं. ये लोग अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ते-लड़ते अब हताश हो चुके हैं, मगर अब भी हिम्मत नहीं हारी है. झारखंड में निवास करने वाले भुईंहरी मुंडा, मुंडा जनजाति की उपजाति हैं. मूलतः आदिवासी होने के बावजूद इन्हें पहले ओबीसी और बाद में सामान्य जाति की सूची में डाल दिया गया.

इसे विडंबना ही कहा जाए कि जिनके पिता ने पूरी जिंदगी आदिवासी श्रेणी में रह कर जीवनयापन और नौकरी की, उनके ही बच्चे राज्य गठन के बाद अचानक गैर आदिवासी हो गए. पिछले 24 सालों से जनजातीय पहचान नहीं मिलने के कारण भुईंहर मुंडा समाज के लोग आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ते जा रहे हैं. इस संबंध में एससी-एसटी कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा, पूर्व विधायक बंधु तिर्की को भी अवगत कराया गया. बंधु ने टीआरआई के उपनिदेशक मोनिका रानी टूटी से बात की और पूरे मामले को गंभीरता से लेने को कहा है.

- राज्य गठन के पूर्व एसटी में आती थी मुंडा जनजाति का उपजाति भुईंहर मुंडा
- झारखंड बनने के बाद पहले ओबीसी और बाद में सामान्य जाति में डाल दिया


आदिवासी श्रेणी में शामिल करने की मांग करते भुईंहर मुंडा समुदाय के लोग.

**एक सरकारी त्रुटि के कारण सामान्य जाति में चले गये :** एक मामूली सरकारी त्रुटि के कारण भुईंहरी मुंडा एसटी से सामान्य जाति के श्रेणी में चले गए. खतियानी त्रुटि के कारण इस समुदाय को आज तक जनजातीय समाज का दर्जा नहीं मिल पाया है. जबकि एक पीढ़ी आदिवासी बन कर गुजार दिए. झारखंड में यह समाज गढ़वा, लातेहार, पलामू, गुमला जिले में है, जिनकी आबादी करीब पौने तीन लाख है. वर्ष 2000 से पहले इस समुदाय को आदिवासी का जाति प्रमाण पत्र दिया जा रहा था. परंतु राज्य गठन के बाद इन्हें 2018-2019 तक पिछड़ी जाति का प्रमाण दिया जाने लगे. इसके बाद इन्हें सामान्य श्रेणी-जनरल कैटेगरी में शामिल कर दिया गया. अब ये अपनी मूल जातीय पहचान से वंचित हो गए हैं.

**पड़ोसी राज्य में जा कर बच्चे पा रहे एसटी का दर्जा :** झारखंड के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओड़िशा में भुईंहर मुंडा को जनजातीय श्रेणी में रखा गया है. इसलिए समाज के लोग पड़ोसी राज्य, विशेष कर छत्तीसगढ़ के रंका भंडरिया में वैवाहिक संबंध बनाते हैं. झारखंड के इस समुदाय की लड़कियां गैर आदिवासी बन कर पड़ोसी राज्य में विवाह करती हैं. वहां जाने के बाद वे आदिवासी बन जाती हैं और उनके बच्चे भी आदिवासी कहलाते हैं. वहीं पड़ोसी राज्य की लड़कियां, झारखंड में आदिवासी बन कर ब्याही जाती है और यहां आकर वे गैर आदिवासी बन जाती हैं.

## जनजातीय शोध संस्थान ने भी माना- ये आदिवासी हैं

भुईंहर मुंडा समुदाय मूलतः मुंडा जनजाति की उपजाति हैं. इनका रहन सहन, खानपान, पहनावा व भाषा जनजातीय समुदाय से मिलता हैं. ये भुईंहर मुंडा हैं, परंतु खतियानी त्रुटि के कारण इनके खतियान में भुईंहर लिखा हुआ हैं. इसके कारण इन्हें अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में शामिल नहीं किया गया. वर्ष 2018 और 2023 में डॉ. रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान कल्याण विभाग द्वारा इन पर शोध किया गया था. यह शोध डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी विवि के मानवशास्त्री डॉ. एसएम अब्बास ने किया था. शोध में स्पष्ट रूप से भुईंहर-भुईंहर मुंडा को आदिवासी ही बताया गया था.

## टीआरआई के कारण 15 माह से लटका हुआ है मामला

भुईंहर मुंडा उपजाति को एसटी सूची में शामिल करने के लिए पहल शुरू हुई. टीआरआई के माध्यम से इस उपजाति पर हुए शोध पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा भुईंहर मुंडा-भुईंहर जाति को झारखंड की एसटी सूची में शामिल करने की अनुशंसा का समर्थन नहीं किया गया. रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया ने राज्य सरकार को पांच बिंदुओं पर स्थिति स्पष्ट करने को कहा. सरकार ने इसकी जिम्मेवारी टीआरआई को सौंपी. पर 15 माह बीतने के बाद भी स्पष्टीकरण नहीं दिया गया. नतीजतन, भुईंहर मुंडा को एसटी सूची में शामिल करने का मामला अधर में लटक गया.

## क्या कहते हैं भुईंहर मुंडा जनजाति के लोग

- सत्यप्रकाश हुरहुरिया बिहार सरकार में एसटी सूची से डीएसपी रहे. परंतु उनका बेटा प्राकृतिक हुरहुरिया अब गैर आदिवासी बन गया.
- बुधवा मुंडा एसटी थे. परंतु राज्य गठन के बाद बेटा सतीश मुंडा सामान्य जाति में आ गया. स्नातक तक उसका जाति प्रमाण पत्र नहीं बना.
- तिरिल टोप्पो एसटी कोटे से बैंक कर्मचारी रहे. परंतु अब उनका बेटा जातीय पहचान के लिए मोहताज हो गया है.
- अमृत टिटियो भी बैंक से सेवानिवृत हुए. उन्होंने एसटी सूची में रह कर नौकरी की, पर उनके बच्चे गैर आदिवासी हो गए.
- य प्रताप हुरहुरिया एसटी सूची में रहकर शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं, पर उनके बच्चों की पढ़ाई के लिए जाति प्रमाणपत्र नहीं बन रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### 45 करोड़ से बनेगा केतारी बागान का आरओबी

**रांची।** राजधानी रांची के चुटिया स्थित केतारी बागान में 45 करोड़ की लागत से आरओबी बनेगा. इसके लिए टेंडर जारी कर दिया गया है. यह आरोबी नामकुम रांची रेलवे स्टेशन के बीच केतारीबगान के पास होगा. इससे प्राक्कलन को पहले ही राज्य सरकार ने स्वीकृति दे दी थी. सात अगस्त तक टेंडर भरा जायेगा और सितंबर में टेंडर फाइनल कर दिया जायेगा.

### स्थानीय युवकों को रिम्स के छात्रों ने पीटा

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात काफी हंगामा हुआ. यहां रिम्स के छात्रों पर स्थानीय युवकों की पिटाई कर दी. स्थानीय युवकों का आरोप है कि रिम्स के छात्र उनको खींचकर रिम्स कैंपस ले गये और उनकी जमकर पिटाई की. इधर घटना की सूचना मिलने पर सदर, कोतवाली और सिटी डीएसपी पुलिस की टीम के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने दो घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया.

### चक्रधरपुर मंडल में नौ जोड़ी ट्रेनें आज रद्द रहेंगी

**रांची।** चाईबासा के बड़ाबांबो में हावड़ा-सीएसटीएम (मुंबई) मेल के डिरेल होने की वजह से 31 जुलाई को नौ जोड़ी ट्रेनें रद्द रहेंगी. इनमें 08607/ 08608 हटिया-सांकी-हटिया पैसेंजर, 08617/ 08618 हटिया-सांकी-हटिया पैसेंजर, 13504/13503 हटिया-बर्द्धमान-हटिया मेमू, 18036/ 18035 हटिया-खड़गपुर- हटिया मेमू, बोकारो स्टील सिटी-रांची- बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर, 08641/08642 आद्रा-बरकाकाना- आद्रा पैसेंजर, 18175/18176 हटिया-झारसुगोड़ा - हटिया एक्सप्रेस, 08195/08196 टाटा नगर-हटिया-टाटा नगर पैसेंजर, ट्रेन संख्या 18601/ 18602 टाटानगर-हटिया-टाटा नगर एक्सप्रेस और 08151/ 08152 टाटा नगर-बरकाकाना-टाटा नगर पैसेंजर ट्रेन शामिल हैं.

रांची के मार्केटिंग कांप्लेक्स, मॉल के बेसमेंट में चल रहीं दुकानें

# क्या यहां भी कर रहे हादसे का इंतजार!

**दिल्ली में पार्किंग एरिया (बेसमेंट) में बने लाइब्रेरी में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत की घटना के बाद देश भर में यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि हमारी इंफोर्समेंट एजेंसियां कर क्या रही हैं? आखिर कैसे थोड़े फायदे के लिए मार्केटिंग कांप्लेक्स, मॉल या घरों के बेसमेंट एरिया में दुकान, बाजार या कोचिंग सेंटर खोल दिया जाता है. हमने रांची के मार्केटिंग कांप्लेक्स, मॉल का जायजा लिया. यहां भी यही स्थिति है. किस बेसमेंट का इस्तेमाल लीगल है, किसका लीगल नहीं है, हमें नहीं पता. संभव है कई मामलों में नक्शा पास कराते वक्त ही उसके व्यवसायिक इस्तेमाल की बात हो, तो कई मामले में बेसमेंट का अवैध इस्तेमाल का हो रहा हो. हम सिर्फ हालात बता रहे हैं. नगर निगम व जिला प्रशासन को इसकी जांच जरुर करनी चाहिए. नहीं तो यही माना जायेगा कि हमें हादसे का इंतजार है...**

### इन कांप्लेक्स के बेसमेंट में हैं दुकानें

**न्यूक्लियस मॉल**




सर्कुलर रोड में जेल चौक के पास न्यूक्लियस मॉल है. इस मॉल के बेसमेंट में कपड़ों की दो दुकानें हैं. इसके अलावा स्मार्ट बाजार भी मॉल के बेसमेंट में ही हैं. साथ ही मॉल का कार्यालय भी नीचे के बेसमेंट में ही चलता है.

**पैंटलून्स मॉल**



पैंटलून्स मॉल डंगराटोली के पास स्थित है. इस मॉल के बेसमेंट में कपड़ों की दुकानों के अलावा एक रेस्टोरेंट है. बेसमेंट एरिया में ही सुविधा सुपर मार्केट का भी स्टोर संचालित होता है.

**हरीओम टावर**



हरीओम टावर के बेसमेंट में लगभग 20 दुकानें हैं. बेसमेंट में बनी दुकानों में मोबाइल फोन, क्रॉकरी और बर्तन के अलावा काया का पार्लर भी है.

**आलोकापुरी कॉम्प्लेक्स**



लालपुर चौक के पास बीआईटी एक्सटेंशन के सामने आलोकापुरी कॉम्प्लेक्स है. इसके बेसमेंट में एक मेडिकल दुकान, गैस एजेंसी संचालित होता है. एक दुकान किचन सामग्री की दुकान है. वहीं आधे बेसमेंट में पार्किंग की सुविधा है.

**रिलायंस ट्रेंड्स :** डंगराटोली चौक से कांटाटोली जाने के रास्ते में बहुमंजिला बाजार रिलायंस टेंड्स है. इस कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में एक बड़ा स्मार्ट बाजार है. जिसमें राशन के सामान बिकते हैं.

**काली टावर :** लालपुर चौक से प्लाजा चौक रोड के रास्ते में काली टावर. इसके बेसमेंट में राजस्थान शॉपी नामक सुपर मार्केट है. इसके अलावा कपड़े की दुकान और गिफ्ट सामग्री बिक्री के दुकानें हैं.

**श्रीगोपाल कॉम्प्लेक्स :** कचहरी रोड स्थित श्रीगोपाल कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में भी कई दुकानें हैं. एक ज्वेलरी की दुकान है. इसके अलावा एक गिफ्ट की दुकान है और एक केक की दुकान है

**सिटी प्लाजा व होटल सेंट्रल प्वाइंट :** मेन रोड स्थित सिटी प्लाजा कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में एक बर्तन की दुकान है, जबकि होटल सेंट्रल प्वाइंट के बेसमेंट में जूते-चप्पल की दो दुकानें हैं.

**सरवती कॉम्प्लेक्स :** डंगराटोली चौक के पास ही सरवती कॉम्प्लेक्स है. इसके बेसमेंट में भी दुकानें हैं. एक हार्डवेयर व एक शराब की दुकान का संचालन बेसमेंट में ही होता है.

एचईसी को टेक ओवर करने को झारखंड सरकार तैयार

# केंद्र सरकार से बात करेंगे : हेमंत

संवाददाता। रांची

एचईसी की पांच यूनियनों का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह और खिजरी विधायक राजेश कच्छप के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. उन्होंने हेमंत सोरेन से मिल कर एचईसी की वर्तमान समस्या से अवगत कराया. प्रतिनिधियों ने कहा कि एचईसी झारखंड की शान है और इसे केंद्र सरकार ने बंदी के कगार पर ला दिया है. यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों का 24 महीने से वेतन बकाया है. यूनियन के प्रतिनिधियों से सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार एचईसी को टेक ओवर करने को तैयार है. वे दिल्ली जाकर केंद्र सरकार से एचईसी को झारखंड सरकार को देने की बात करेंगे.


सीएम को ज्ञापन सौंपता एचईसी यूनियन का प्रतिनिधिमंडल.

**प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा :** प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा और आग्रह किया कि जल्द से जल्द एचईसी के मुद्दे को लेकर ठोस कदम उठाएं, वरना यहां के कर्मी भूखे मर जायेंगे. सीएम से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में एचईसी श्रमिक संघ यूनियन के अध्यक्ष शनि सिंह, एचईसी लिमिटेड श्रमिक कर्मचारी यूनियन के महामंत्री प्रकाश कुमार, हटिया कामगार यूनियन के महामंत्री एमपी रामचंद्रन, जनता मजदूर यूनियन के महामंत्री एसजे मुखर्जी और हटिया लोकमंच यूनियन के महामंत्री विमल महली शमिल थे.

रोक के बाद भी मकान को तोड़े जाने पर हाईकोर्ट नाराज, कहा-

# जिस घर को तोड़ा, उसे फिर से बनाएं

- पीड़ित को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश

संवाददाता ।रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने अतिक्रमण बताकर तोड़े गए मकान को फिर से बनाने और प्रार्थी को पांच लाख मुआवजा देने का निर्देश सरकार को दिया है. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में प्रार्थी ने निर्धारित समय में अपीलीय प्राधिकार के समक्ष अपील दाखिल कर दिया था और मकान नहीं तोड़ने का कोर्ट का आदेश सीओ के समक्ष लाया था, तो इसके बाद भी उनका मकान क्यों तोड़ा गया? मकान तोड़ने के पहले झारखंड पब्लिक लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत कोई कार्यवाही भी नहीं चलाई गई.

एक याचिका की सुनवाई करते हुए मंगलवार को अदालत ने यह निर्देश दिया. इस संबंध में ओमप्रकाश ने याचिका दायर की है. प्रार्थी को दुमका सदर सीओ ने झारखंड लैंड एंक्रोचमेंट एक्ट के तहत उनकी जमीन को अतिक्रमण बताते हुए दो सप्ताह में उसे हटाने का नोटिस 8 जून 2016 को दिया था. इसके बाद सीओ ने एक और आदेश पारित किया, जिसमें प्रार्थी की जमीन को पब्लिक लैंड बता कर अतिक्रमण एक सप्ताह में हटाने का आदेश दिया और ऐसा नहीं करने पर उसे तोड़ने का आदेश दिया गया था.

इसके खिलाफ प्रार्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. प्रार्थी ने कोर्ट को बताया कि उनकी जमीन, जो किसी के द्वारा दान दी गयी है, उसपर वह वर्ष 1949 से रह रहे हैं. उसे अतिक्रमण बताते हुए तोड़ने का आदेश सीओ ने दिया है.

# जेबीवीएनएल में एक विवाहिता पुत्री को अनुकंपा पर मिली नौकरी

विशेष संवाददाता। रांची

हजारीबाग निवासी अलका देवी को 18 साल की लंबी जहदोजहद के बाद जेबीवीएनएल में अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल गयी. इनकी नियुक्ति सर्पोटिंग स्टॉप वर्ग तीन (अकुशल श्रमिक) के पद पर जमशेदपुर में हुई. अलका ने बताया कि उनके पिता स्व लाल जीत महतो जमशेदपुर में बिजली वितरण निगम में स्टोर कीपर के रूप में तैनात थे. 31 दिसंबर 2005 को उनके पिता की हत्या उस समय कर दी गयी थी. उन्होंने बताया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और मां का भी निधन हो चुका है. 2006 में उन्होंने अनुकंपा के आधार पर बिजली वितरण निगम में नौकरी के लिए आवेदन दिया. लेकिन निगम ने यह कहते हुए विवाहित बेटी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने से इनकार कर दिया. इस बीच 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा कि विवाहित स्त्री भी अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने का अधिकार रखती है. इस आधार पर बिजली वितरण के अधिकारियों ने उनके पक्ष में फ़ैसला सुनाया.

### रेल हादसे पर सभी दलों के विधायकों ने शोक जताया

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बड़ाबांबो रेल हादसे पर सभी दलों के विधायकों ने शोक व्यक्त किया. विधायकों ने पीड़ितों के परिवारों के लिए मुआवजे की मांग की और घायलों के इलाज के लिए सहायता उपलब्ध कराने की अपील की.

**रिपोर्ट** लोकसभा चुनाव 2024 में पड़े और गिने गये वोटों पर एडीआर का चौंकाने वाला दावा

# जितने वोट पड़े नहीं, उससे ज्यादा वोट गिन लिए गए

- 538 सीटों पर डाले गये वोट और गिने गये वोटों की संख्या में अंतर
- 362 संसदीय क्षेत्रों में पड़े कुल वोटों से 5,54,598 वोट कम गिने गये
- 176 संसदीय क्षेत्रों में डाले गये कुल वोटों से 35,093 वोट अधिक गिने

लगातार न्यूज नेटवर्क। रांची

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने लोकसभा चुनाव 2024 में पड़े वोटों और उनकी गिनती को लेकर चौंकाने वाले दावे किये हैं. एडीआर के अनुसार, 538 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में डाले गये वोट और गिनती किये गये वोटों की संख्या में अंतर है. एडीआर के विश्लेषण पर नजर डालें, तो इस लोकसभा चुनाव में




362 संसदीय क्षेत्रों में पड़े कुल वोटों से 5,54,598 वोट कम गिने गये. 176 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में डाले गये कुल वोटों से 35,093 वोट अधिक गिने गये. एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, आम चुनाव 2024 के नतीजों की घोषणा करते समय डाले गये और गिने गये वोटों में अमरेली, अटिंगल, लक्षद्वीप और दादरा नगर हवेली और दमन दीव को छोड़ कर 538 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विसंगतियां नजर आयीं. बता दें कि इस मामले में चुनाव आयोग की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया जारी नहीं हुई है.

**फाइनल पोलिंग डेटा रिलीज करने में ज्यादा देरी हुई :** एडीआर के फाउंडर जगदीप छोकर ने कहा है कि फाइनल पोलिंग डेटा रिलीज करने में जरूरत से ज्यादा देर हुई. अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों और मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराये गये. चुनाव परिणाम अंतिम मिलान किये गये डेटा के आधार पर घोषित किये गये. इसकी अस्पष्टता चुनाव परिणामों की प्रमाणिकता के बारे में चिंता और संदेह पैदा करने वाले हैं. हालांकि, एडीआर की रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि वोटों के इस अंतर से कितनी सीटों पर अलग नतीजे रहे.

**एडीआर ने 2019 के लोस चुनाव का उदाहरण दिया :** जगदीप छोकर ने लोकसभा चुनाव 2019 के चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि इस चुनाव में कई उल्लंघनों, अवैधताओं और अनियमितताओं की गंभीर घटनाओं को निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव 2024 में दोहराये जाने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने में विफल रहा है. इससे मतदाताओं के मन में संदेह पैदा हो गया है. इन आशंकाओं को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और इनके समाधान का प्रयास किया जाना चाहिए.

**2019 में 347 सीटों पर विसंगतियां नजर आयी थीं :** विशेषज्ञों और एडीआर की टीम द्वारा 2019 के लोकसभा चुनावों को लेकर किये गये रिसर्च के अनुसार, 542 निर्वाचन क्षेत्रों के विश्लेषण में 347 सीटों पर विसंगतियां नजर आयी थीं. विसंगतियां न्यूनतम एक वोट से लेकर 1,01,323 वोट, यानी कुल पड़े वोटों का 10.49 प्रतिशत (उच्चतम) तक थीं. यह सीटें ऐसी थीं, जहां पड़े वोटों और गिने गये वोटों का अंतर जीत के अंतर से ज्यादा था. डाले गए और गिने गये वोटों में 7,39,104 का अंतर था.

### अब तक स्पष्टीकरण देने में विफल रहा चुनाव आयोग

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयोग अब तक इस संबंध में उचित स्पष्टीकरण देने में विफल रहा है. चुनाव आयोग स्पष्ट नहीं कर रहा है कि उसने वोटों की गिनती पर अंतिम और प्रामाणिक डेटा जारी करने से पूर्व चुनाव परिणाम क्यों घोषित किये? ईवीएम में पड़े वोटों, उनकी गिनती में अंतर, चुनाव संपन्न होने के कुछ दिन बाद अंतिम मतदान प्रतिशत में वृद्धि, बूथ वाइज डाले गये वोटों की संख्या का खुलासा न करना, डाले गये वोटों के आंकड़े जारी करने में अनुचित देरी के अलावा अपनी वेबसाइट से कुछ डेटा को हटाने को लेकर भी चुनाव आयोग ने अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है.

# आज शपथ लेंगे नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार


नवनियुक्त राज्यपाल को पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन करते सीएम हेमंत सोरेन.

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार बुधवार यानी 31 जुलाई को राज्य के 12वें राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे. झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे. इससे पूर्व नवनियुक्त राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार की शाम रांची पहुंचे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया. उन्होंने पुष्पगुच्छ देकर और शॉल ओढ़ा कर नये राज्यपाल गंगवार का अभिनंदन किया. कहा, भगवान बिरसा मुंडा और वीर शहीद सिदो कान्हू की पावन धरती पर आपका हार्दिक स्वागत, अभिनंदन और जोहार है.

### विदा हुए राधाकृष्णन

निवर्तमान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को झारखंड से विदा हो गये. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सीपी राधाकृष्णन को भावपूर्ण विदाई दी. मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद नलिन सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कैबिनेट सचिव वंदना दादेल, डीसी एवं एसएसपी सहित राज्य सरकार वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे. इससे पहले मुख्यमंत्री ने पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ राज्यपाल राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की. सीएम ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया.

# ई-रिक्शा चालकों ने नगर निगम का घेराव किया, प्रशासक के सामने रखीं मांगें


नगर निगम कार्यालय का घेराव करते ई-रिक्शा चालक और मालिक.

संवाददाता। रांची

ई-रिक्शा चालकों व मालिकों ने सड़क पर परेशान किए जाने के विरोध में मंगलवार को नगर निगम का घेराव किया. इस दौरान रिक्शा चालकों ने बताया कि सिटी पास, स्टैंड व यात्री पड़ाव नहीं होने के कारण उनकी समस्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है. चालकों ने बताया कि रोजना उनकों पकड़ कर चलान काट दिया जाता है, जिससे उन्हें परिवार के पालन पोषण में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. बताया गया कि सिटी पास नहीं रहने से काफी दिक्कत हो रही है.

कुछ चालकों ने बताया कि उन लोगों ने बैंक से लोन लेकर ई-रिक्शा खरीदा था, पर अब चालान और सुचारू रूप से रिक्शा का संचालन नहीं होने के कारण वह लोन भरने में भी असमर्थ हैं. इन परेशानियों को लेकर जिला ई-रिक्शा चालक संघ के लोगों ने प्रशासक से मिल कर अपनी मांगे रखी. घेराव का कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा शक्ति के केंद्रीय अध्यक्ष उत्तम यादव ने किया, जिसमें मुख्य रूप रांची ई-रिक्श संघ के अध्यक्ष दिनेश सोनी, जिला ई रिक्शा चालक यूनियन संतोष कुमार, भोला सिंह, गुड्डू कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे. इस दौरान रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा भी शामिल हुए, उन्होंने कहा मैं सरकार तक आपकी समस्या को पहुंचाऊंगा.



### नगर प्रशासक ने मांगों पर आश्वासन दिया

ई-रिक्शा संघ के सदस्यों ने अपनी परेशानियों को बताते हुए नगर प्रशासक के सामने अपनी मांग रखी. संघ के सदस्य ने बताया कि उन्हें नगर प्रशासक की ओर से आश्वासन दिया गया है कि मनमाने तरीखे से चलान नहीं काटा जाएगा. साथ ही यात्री पड़ाव व स्टैंड के निर्माण लिए निगम विचार करेगा. चौथ ग्लोबल टेंडर के लिए भी प्रयास जारी है. इस पर भी प्रशासनिक पदाधिकारी बैठक कर जल्द से जल्द हल निकालने का प्रयास करेंगे.

### ई-रिक्शा चालकों की मांगें

1. नगर निगम क्षेत्र में चलने वाली ई-रिक्शा का पास निगम कार्यालय ही निर्गत करें. आरटीए द्वारा परमिट की व्यवस्था को मान्यता नहीं दी जाएगी.
2. ई रिक्शा का फाइन, जो नगर निगम द्वारा काटा जाता है, उसे निरस्त करते हुए फाइन को सरल किया जाए.
3. निगम द्वारा ई-रिक्शा द्वारा सिटी पास के नाम से दिया जाए. साथ ही ग्लोबल टेंडर के माध्यम से एक शहर एक टोकन की व्यवस्था की जाए.
4. निगम द्वारा ई-रिक्शा के लिए स्थायी स्टैंड, यात्री पड़ाव की व्यवस्था की जाए.

## ब्रीफ खबरें

### हत्या मामले में छोटू को नहीं मिली जमानत

रांची। जमीन कारोबारी सह बिल्डर कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या का आरोपित छोटू कुजूर को मंगलवार को विशेष जज पीके शर्मा की अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया. मामले में कमल भूषण का दामाद राहुल कुजूर, राहुल के पिता डब्ल्यू कुजूर, मां सुशीला कुजूर, पत्नी यामिनी, चाचा छोटु कुजूर सहित दस लोग आरोपी हैं. उक्त लोगों में अधिकतर आरोपी वर्तमान में जेल में हैं. एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के लिए राहुल कुजूर व डब्ल्यू कुजूर ने शूटरों को सुपारी दी थी.

### रेल मंत्री अविलंब इस्तीफा दें : कांग्रेस

रांची। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सरायकेला के चक्रधरपुर रेल मंडल में हुए रेल हादसे पर कहा कि केन्द्र की सरकार बुलेट ट्रेन चलाने की बात करती है, जो ट्रेन चल रही है उसकी सुरक्षा नहीं है. हर हफ्ते ट्रेन हादसे हो रहे हैं. ट्रेन हादसे का रिकॉर्ड बनते जा रहा है. लेकिन सरकार कुंभकर्णी नींद में है. सिर्फ मुआवजे की घोषणा कर सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी समझती है. उन्होंने मांग की है कि अविलंब रेल मंत्री इस्तीफा दें.

### राज्यसभा में जदयू के सचेतक बने खीरू महतो

रांची। झारखंड प्रदेश जदयू के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो को पार्टी ने राज्यसभा में सचेतक बनाया है. यह जानकारी जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने दी. उन्होंने बताया कि इस संबंध में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र भेजकर कर सूचित कर दिया गया है.

### विपक्ष के वॉकआउट के बीच हेमंत सरकार का पहला अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पास

# हम आरबीआई से 2 प्रतिशत ब्याज पर ले सकते हैं लोनः रामेश्वर उरांव

विशेष संवाददाता। रांची

भाजपा विधायकों के वॉक आउट के बीच हेमंत सरकार का पहला 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट सदन से पास हो गया. अनुपूरक बजट पर सदन में कटौती प्रस्ताव के पक्ष और विरोध में सत्ता एवं विपक्ष के लोगों ने अपनी-अपनी बातें रखी. सरकार का पक्ष रखते हुए वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार सुखाड़ से निबटने के लिए विशेष व्यवस्था करेगी. सुखाड़ का तीसरा साल चल रहा है. विशेष व्यवस्था करना होगा. इसके लिए सीएम को कहा है. सरकार की ओर से आश्वान दे रहा हूं की सरकार सुखाड़ के लिए विशेष व्यवस्था करेगी. नई योजनाओं के लिए, जेसीएफ से निकासी को रेगुलराइज करने के लिए और अनफोरेसेंट एक्सपेंडिचर के लिए अनुपूरक बजट सरकार लाती है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मईयां योजना क्रांतिकारी योजना है. यह प्रशंसनीय है.

**872 करोड़ की यह योजना है, फ्री बिजली के लिए भी लाया गया है बजट :** रामेश्वर उरांव ने कहा कि फ्री बिजली के लिए और स्कॉलरशिप के लिए भी बजट लाया गया है. वर्तमान सरकार में जितना कुशल वित्त प्रबंधन किया है पिछली सरकारों ने नहीं किया है. 40 हजार करोड़ से अधिक का ऋण सरकार ने लिया है. उन्होंने कहा कि यह हेमंत सोरेन सरकार का वित्तीय प्रबंधन का असर है कि अन्य राज्य जहां 6 प्रतिशत इंटरेस्ट दर पर आरबीआई से लोन सकते हैं, मगर हम 2 प्रतिशत इंटरेस्ट दर ही लोन सकते हैं. सरकार ने पुरानी पेंशन लागू करने के लिए अगल से पेंशन कोष बनाया. जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष में 700 करोड़ वहीं चालू वित्तीय वर्ष में 780 करोड़ रूपए जमा कराया. सरकार को जनकल्याणकारी योजनाएं चलाने के पैसे चाहिए इसलिए अनुपूरक की जरूरत सरकार है.

**जब स्पीकर और नेता प्रतिपक्ष हुई तनातनी :** सदन में जैसे ही कल्पना मुर्मू सोरेन अपना मेडन स्पीच देने के लिए खड़ी हुईं. भाजपा विधायक विरोध में वेल में आ गए. नेता प्रतिपक्ष खड़े होकर कुछ टोका-टोकी करने लगे. अमर बाउरी का आरोप था कि आसन का ध्यान केवल विपक्ष पर होता है. आसन भेदभाव करता है. इस पर स्पीकर ने गहरी नाराजगी प्रकट की. कहा कि आ जाइए तब आप ही आसन पर बैठ जाइए. स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को उंगली दिखाकर बात करने पर गहरी आपत्ति प्रकट की. इस पर नेता प्रतिपक्ष ने यहां तक कह डाला कि जो करना है कर लें.

### अनुपूरक बजट पर सत्ता एवं विपक्ष ने रखी अपनी-अपनी बातें, वित्त मंत्री ने रखा सरकार का पक्ष


वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उराव.

#### हेमंत जी के कीमती पांच महीने का समय कौन लौटाएगा : कल्पना सोरेन

विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने सदन में मंगलवार को अपना पहला मेडन स्पीच रखा. इस दौरान उन्होंने विपक्ष को जमकर खोरी-खोटी सुनाया. उन्होंने कहा कि यह लोग आदिवासी हितैषी बनने का ढोंग करते हैं. 2019 में एक निर्वाचित आदिवासी मुख्यमंत्री को ये लोग बिना कसूर के पांच महीने जेल में रखा. हेमंत जी की कीमती पांच महीने कौन लौटाएगा, यह कोई जरा बता दे. जिस दिन से सरकार बनी, ये लोग सरकार के पीछे पड़ गए. कई बार सरकार को गिराने का प्रयास किया, मगर जब इसमें सफल नहीं हुए तो मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया गया. उन्होंने कहा कि यह झारखंड है यहां पर गुजरात मॉडल पर न तो सरकार चल सकती है ओर विकास योजनाएं. ये लोग किस मुंह से वोट मांगने जाएंगे. ये लोग झूठ बातों को परोसते रहते हैं. उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार हमारे साथ सौतेला व्यवहार किया. ये लोग बताएं कि किसने ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण कम करने का काम किया. उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अब अबला नहीं सबला है. हमारी सरकार नारी शक्ति के लिए कई काम किया.

#### अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों पर विचार करे सरकारः प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए 21 वर्ष से 50 वर्ष की महिलाओं को सरकार एक हजार हर महीने देने जा रही है, बहुत ही सराहनीय है. अनुबंधकर्मियों पर भी सरकार विचार करे. बिना काम के जब सरकार एक हजार देने जा रही है तो काम करने वालों की मानदेय में वृद्धि होनी चाहिए. प्रदीप यादव ने कहा कि सदन से संदेश जाना चाहिए की 5 साल के लिए सरकार चुन कर आई है. क्योंकि कुछ हैं जो चाहते हैं कि जल्द चुनाव हो. नियुक्ति शुरू हुई तो ये जल्द चुनाव चाहते है. काम करने से रोकना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण, खतियान आधारित स्थानीय नीति किसके इशारे पर रुका है. जाति जनगणना जल्द प्रारंभ हो, उसकी अधिसूचना जारी की जाए.

#### भानु प्रताप शाही ने कहा-हेमंत का यह अंतिम सत्र

सदन में भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बीच काफी तनातनी हुई. भानु प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सोरेन का यह अंतिम सत्र है. इसके बाद वे कभी नहीं आएंगे. हमलोग आने वाले हैं. हम विदाई देने को तैयार हैं. इसका जवाब देते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भानु जी इसे आप लिख लें कि अगले सदन में आप यहां नहीं रहेंगे. नहीं जीत पाएंगे. रही बात हेमंत सोरेन सरकार की तो आप लोग जान लें आपलोग आगामी 25 साल तक सत्ता में नहीं आएंगे.

#### महिलाओं के लिए योजनाएं अच्छी मगर सहिया पोषण सखी पर सरकार ले निर्णय : विनोद सिंह

माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि महिलाओं को 1000 रूपए महीने देना बहुत अच्छी योजना है. महिलाओं के लिए सरकार कई योजनाएं लायी हैं. मगर सरकार को अनुबंध कर्मी, सहिया, जल सहिया, रसोईया, पोषण सखी के बारे में भी निर्णय लेना चाहिए. क्योंकि सरकार इन्हें तीन हजार रूपए मानदेय भी नहीं दे पा रही है.

# निशिकांत दुबे के बयान पर झामुमो का विरोध प्रदर्शन



निशिकांत दुबे के विवादित बयान के विरोध में मार्च निकालते झामुमो कार्यकर्ता.

संवाददाता रांची

विगत दिनों भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा वर्तमान लोकसभा सत्र के दौरान झारखंड राज्य के अभिन्न अंग संथाल परगना प्रमंडल, बिहार एवं पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों को मिलाकर यूनियन टेरिटरी बनाने के संबंध में दिए गए बयान के विरोध में झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में मंगलवार को बापू वाटिका, मोरहाबादी मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक एक दिवसीय विरोध मार्च सह प्रदर्शन किया गया.

मौके पर झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारियों ने पचासों साल से लड़ा है, कितने लोग शहीद हुए, तब जाकर झारखंड बना है. भाजपा सांसद का यूनियन टेरिटरी बनाने का बयान बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है, हमारे हृदय स्थली संथाल परगना को झारखंड से अलग करना चाहते हैं. यह उनकी झारखंड विरोधी मानसिकता को दर्शाता है, केवल राजनीति करने के लिए उनके ये बयान आ रहे हैं. भारत के बॉर्डर के अंदर चाइना आ रहा है, भाजपा के ही शासित राज्य आसाम बॉर्डर पर भी घुसपैठ हो रहा है. वहीं नेपाल भी घुसपैठ कर रहा है, इसपर ये लोग चुप्पी साधे हुए हैं, सवाल को केंद्र की भाजपा सरकार के गृह मंत्रालय से पूछा जाना चाहिए. इस अवसर पर महादेव मुंडा, मंटू लाला, जीत गुप्ता, महिला मोर्चा रांची जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, सालो देवी, मंजू महतो, राखी देवी, सचिव शांति तिर्की, संगठन सचिव नुसरत परवीन, महिला मोर्चा रांची महानगर संगठन सचिव, राधा हेंब्रम, लीना वर्मा, सुनीता तिर्की आदि ने भी अपने विचार रखा. मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, रांची जिला उपाध्यक्ष बीरू तिर्की, अश्विनी शर्मा, जनक नायक, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, बीरू साहू, सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, संगठन सचिव आदिल इमाम, तालकेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता अरविंदर सिंह देवल रामशरण विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### मंत्री इरफान अंसारी से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष



रांची। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मंत्रालय में मिल कर मांग पत्र सौंपा. उन्होंने सिल्ली विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सिल्ली, सोनाहातु एवं राहे प्रखंड के कुल 12 ग्रामीण पथों एवं पुलों के निर्माण की मांग की. डॉ महतो ने विभागीय मंत्री को अवगत कराया कि पिछले दिनों जिला कमेटी द्वारा तीनों प्रखंडों में जन सहायता शिविर के आयोजन किये गये थे, जिसमें इन जर्जर पथों एवं पुलों के निर्माण कराने का लिखित आग्रह स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा किया गया था. इनके निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी से निजात मिलेगी.

### सदर एसडीओ ने बीएलओ से मांगा स्पष्टीकरण



रांची। सदर एसडीओ सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार को बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता सत्यापन एवं मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधार करने से संबंधित मतदान केन्द्र संख्या-05, 06, 08, 17, 52, 56. 58 के बीएलओ द्वारा किये गये कार्य का स्थल भ्रमण कर निरीक्षण किया. इस दौरान एसडीओ ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि अविलंब शत-प्रतिशत मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें तथा प्रति बीएलओ कम से कम 50 आवेदन प्राप्त करते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज करना सुनिश्चित करें.

### स्वतंत्र सोशल ऑडिट यूनिट ने शुरू किया काम

रांची। झारखंड सरकार ने मनरेगा योजनाओं के सोशल ऑडिट के लिए एक स्वतंत्र सोशल ऑडिट यूनिट की स्थापना के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रया पूरी कर ली है, लेकिन स्वतंत्र सोशल ऑडिट यूनिट अभी फंक्शनल नहीं हो सका है. स्वतंत्र सोशल ऑडिट यूनिट को सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत निबंधन कराया गया है. इसमें सिविल सोसाइटी की ओर से ब्योमकेश, ज्योत्सना तिर्की, जेम्स हेंरेज को रखा गया है. इसके अध्यक्ष मुख्य सचिव है. 2020 में सत्तारूढ़ गठबंधन के कुछ विधायक ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री को पत्र लिख जेएसएलपीएस के माध्यम से सोशल ऑडिट करने के विरोध किया था. विरोध करने वाले में वर्तमान ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी भी शामिल थे, लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी स्वतंत्र सोशल ऑडिट यूनिट काम शुरू नहीं किया गया है. इसमें किसी तरह की नियुक्ति नहीं की गयी है. बैंक खाते भी नहीं खोले गये हैं.

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में पैदल मार्च

रांची। आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से अरविंद केजरीवाल के गिरफ़्तारी और उनके स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को लेकर मंगलवार को रांची में जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक पैदल मार्च निकाला गया। इसके बाद विरोध प्रदर्शन किया गया. विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व आप के वरिष्ठ नेता अजय भगत ने की. प्रदर्शन की अध्यक्षता राजेश लिंडा ने किया. पार्टी के वरिष्ठ नेता हरी सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि देश में आम आदमी पार्टी का लहर चल रहा है, जिसको देख कर भाजपा की केंद्र सरकार केजरीवाल से डरी हुई है. मौके पर अजय भगत ने कहा की अरविन्द केजरीवाल को जान बुझ कर बेहतर ईलाज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। अगर केजरीवाल को जल्द से जल्द जेल से रिहा नहीं किया जाता है, तो हमलोग केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेंगे.

### आठ साल से नहीं बनी है सड़क, पानी निकासी का रास्ता नहीं

# हरमू हाईकोर्ट कॉलोनी में जल जमाव

रेहान अहमद। रांची

हरमू हॉउसिंग हाईकोर्ट कॉलोनी की सड़क पिछले आठ वर्षों से नहीं बनी है. क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस कारण हल्की बारिश में भी यह जगह पानी से भर जाती है. मालूम हो सड़क के सामने और आगे नाले भी हैं, किंतु सड़क में निकासी का मार्ग भलीभांति नहीं बना है. इससे पानी बह कर नाले की ओर नहीं जा पाता है. परिणाम स्वरूप हर पल पानी भरा ही रहता है. लोगों ने कहा कि बरसात में जल जमाव से हर साल परेशानी बढ़ जाती है. इससे मच्छर व मक्खी तेजी से पनपते हैं. ऐसे में बीमारी फैलने का भी डर लोगों को सताता है, पर इस दिशा में नगर निगम की ओर से कोई पहल नहीं की गई है.


हरमू हाईकोर्ट कॉलोनी में जलमग्न सड़क

#### पानी निकासी का उपाय होना चाहिएः संजय मिश्र

संजय कुमार मिश्र ने कहा कि यह सड़क पिछले आठ साल से खराब है. कई बार निगम में गुहार लगायी, किंतु इस दिशा में पहल नहीं हुई. हल्की बारिश में जल जमाव की परेशानी बन जाती है. कम से कम पानी निकासी का प्रबंध कर देना चाहिये.

#### लोगों को आने जाने में परेशानी : विजय कुमार

विजय कुमार ने कहा कि हल्की सी भी बारिश होने पर यहां पानी भर जाता है. इससे लोगों को आने जाने में बहुत परेशानी होती है. जल जमाव की वजह से गंदगी की भी परेशानी बनी हुई है. नगर निगम को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है.

# पांच साल में 15739 हेक्टेयर में किया गया क्षतिपूर्ति वनरोपण

- पांच साल में वन विभाग ने कैंपा के तहत लगाये दो करोड़ 36 लाख 23 हजार पौधे

मुख्य संवाददाता। रांची

रेलवे, माइनिंग, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना और अन्य विकास कार्यों की भेंट चढ़ी वन भूमि के एवज में वन विभाग पिछले पांच सालों में 15739.274 हेक्यर में क्षतिपूर्ति वनरोपण किया है. वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के प्रावधानों के अंतर्गत क्षतिपूरक वन रोपण, अतिरिक्त क्षतिपूरक वन रोपण, दंडात्मक क्षतिपूरक वन रोपण, वर्तमान शुद्ध मूल्य एवं अन्य मदों में प्राप्त राशि को कैंपा भारत सरकार के बैंक खाते में जमा कराया जाता है. इस राशि से क्षतिपूरक वनरोपण किया जाता है. भारत सरकार के निर्देशानुसार झारखंड सरकार वन एवं पर्यावरण विभाग के द्वारा राज्य सरकार के स्तर पर झारखंड प्रतिपूरक वनरोपण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकार जिसका संक्षिप्त नाम झारखंड कैंपा है का गठन किया गया है. इसकी देखरेख में वनरोपण का काम होता है.

| वित्तीय वर्ष | रोपे गये पौधे की संख्या | रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|
| 2019-20 | 52,55,842 | 3687.842 |
| 2020-21 | 44,87,353 | 2734.493 |
| 2021-22 | 48,39,573 | 3324.858 |
| 2022-23 | 49,32,992 | 3202.833 |
| 2023-24 | 41,07,463 | 2789.837 |



# सदन के अंदर-बाहर गूंजा रोजगार का मुद्दा, भाजपा का हंगामा

संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा में मॉनसून सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को सत्र शुरू होने से पहले भाजपा ने रोजगार मुद्दे को लेकर सदन के बाहर बैनर-तकती लेकर प्रदर्शन किया. सदन के अंदर भी रोजगार मुद्दे को लेकर हंगामा करते नजर आये. भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार को पांच लाख युवाओं को नौकरी देने के वादे को लेकर घेरा. कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनावी भाषण में कहा था कि पांच लाख नौकरी देंगे. साढ़े चार हो गये, इस वादे का क्या हुआ. आंगनबाड़ी सेविका सहाय के रसोइयां परमानेंट क्यों नहीं हुए, इसका जवाब हेमंत सोरेन दे.

#### युवाओं के साथ ठगी कर बनाई सरकार : बिरंची



भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि झारखंड में युवाओं और महिलाओं को ठग कर हेमंत सोरेन ने सत्ता हासिल किया है. सदन के अंदर युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिलने को लेकर सवाल किया जायेगा. इस सरकार ने 2019 में नौजवानों, महिलाओं और शिक्षकों को ठगकर सत्ता प्राप्त किया. हेमंत सरकार ने राज्य के सभी संविदा कर्मी को परमानेंट करने का वादा किया था.

#### हमने जितने रोजगार दिए बीजेपी नहीं दे पाई : ठाकुर



मिथिलेश ठाकुर ने बिरंची नारायण के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने जितने रोजगार दिये हैं, बीजेपी की सरकार नहीं दे पायी. भाजपा अपने पांच साल के आंकड़े देख ले. उनके कार्यकाल में लोग 4000-5000 की नौकरी के लिए चेन्नई और बेंगलुरु जैसे मेट्रो सिटी चले गये. हेमंत सरकार उनको अपने खर्च पर वापस लेकर आयी.

#### कर्मचारी हड़ताल पर और यहां सत्र चल रहा : बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सरकार को झारखंड की कोई चिंता नहीं है. सिर्फ वह अपनी दृष्टिगत कारणों से राजनीति को मजबूत करने में लगी हुई है. राज्य के सारे कर्मचारी हड़ताल पर हैं और विधानसभा सत्र चल रहा है. इससे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या हो सकती है. आरक्षण समाप्त किया जा रहा है. एससी-ओबीसी आरक्षण, चौकीदार व रेंजर की बहाली पूरी तरह से समाप्त कर दी गई है.

#### सबकी आवाजें दबा रही है हेमंत सरकार : अनंत



अनंत ओझा ने कहा कि प्रदेश के नौजवान और संविदा कर्मियों की आवाज दबायी गयी है. भारतीय जनता पार्टी उनकी आवाज बनकर आयी है. हेमंत सोरेन की सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आयी है. सरकार ने नौजवानों को ठगने का काम किया है. बीजेपी सवाल पूछ रही है. सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठी चार्ज करने वाले कौन लोग है, किसकी सरकार ने लाठीचार्ज किया.

### अधिसूचित क्षेत्र ग्राम सभा को मिले बालू खनन का अधिकारः शिल्पी नेहा

रांची। विधानसभा में शून्यकाल के दौरान मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के पास बालू खनन के संदर्भ में अधिकार न होने के कारण इसका नकारात्मक प्रभाव न केवल अधिसूचित क्षेत्र में पी-पेसा द्वारा प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों एवं प्रावधानों पर पड़ रहा है, बल्कि इससे ग्राम सभा भी कमजोर पड़ रही है. अधिसूचित क्षेत्र में बालू खनन के लिए एक मॉनिटरिंग निकाय का गठन करने और उसी के तहत उसी की देखरेख में सरकार की नीति के अनुरूप ग्राम सभा को अपने क्षेत्र में बालू खनन का अधिकार देने की मांग की है.

## राज्यस्तरीय बिजनेस कॉन्क्लेव की तैयारी

**रांची।** स्टार्टअप कॉन्क्लेव की सफलता को देखते हुए फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से जल्द ही राज्यस्तरीय बिजनेस कॉन्क्लेव का आयोजन किया जायेगा. इसी माह पूर्व में चैंबर की ओर से बैठक कर बड़े रूप में बिजनेस कॉन्क्लेव आयोजित करने की तैयारी की गई थी. चैंबर के महासिचव परेश गटानी ने बताया कि राज्यस्तरीय बिजनेस कॉन्क्लेव के भव्य आयोजन की तैयारी चल रही है.

## प्रधान सचिव ने किया नये राज्यपाल का स्वागत

**रांची।** नए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के राजभवन आगमन पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी ने स्वागत किया. उक्त अवसर पर राजभवन के अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों ने भी नये राज्यपाल का अभिनदंन किया.

### सुख और सौभाग्य के लिए घरों और मंदिरों में हुई माता पार्वती और भगवान शिव की पूजा-अर्चना

# राजधानी में सुहागिनों ने रखा दूसरा मंगला गौरी व्रत

**खास बातें**

- सावन सोमवारी व्रत की तरह मंगला गौरी व्रत विशेष फलदायी
- 6 और 13 अगस्त को पड़ेगा अगला मंगला गौरी व्रत

संवाददाता ।रांची



### गया और पलामू में है प्रसिद्ध मंदिर

बिहार के गया और झारखंड के पलामू स्थित मंगला गौरी मंदिर से खाली हाथ कोई नहीं लौटता . मां सबकी मनोरथ पूरी करती हैं . गया का मंदिर शक्तिपीठ के रूप में प्रसिद्ध है .मान्यता है कि माता सती एक अंग यहां के भस्मकूट पर्वत पर गिरा था, जो गया शहर में पालनपीठ के रूप में विराजमान है . बताया जाता है कि यहां माता अपने भक्तों का पालन करती हैं . पलामू में चैनपुर प्रखंड के बंदुआ गांव में स्थित मां के मंदिर में भी सबकी मुराद पूरी होती है . यहां का भभूत लगाने और पानी पीने से असाध्य रोग ठीक हो जाते है .निसंतान को संतान सुख की प्राप्ति होती है .

श्रावण मास के दूसरे मंगलवार को सुहागिनों ने मंगला गौरी व्रत धारण कर माता पार्वती और भगवान शिवशंकर को पूरे मनोयोग से मनाया. घरो और मंदिरों में पूजन-अर्चना कर भक्ति में रमी रहीं. माना जाता है कि इस व्रत को धारण करने वाली महिलाओं का सौभाग्य सदा बना रहता है, संतान की प्राप्ति होती है. जीवन में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है. सावन सोमवारी व्रत की तरह मंगला गौरी व्रत भी विशेष फलदायी है. इसी भाव से बड़ी संख्या में विवाहिताएं तो व्रत-उपवास कर माता को रिझाती ही हैं, कुंवारी कन्याएं भी विवाह संबंधी दोष-बाधा दूर करने और सपनो के राजकुमार की चाह में इस व्रत को धारण करती है.

**अब शेष बचे हैं दो व्रत :** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी 0 5 अगस्त, चौथी 12 अगस्त और अंतिम सोमवारी 19 अगस्त को है. इस बीच मंगला गौरी व्रत 06 और 13 अगस्त को पढ़ेगा. आचार्य अजय मिश्र बताते हैं कि मंगला गौरी व्रत शुरू करने के बाद लगातार पांच वर्षों तक इस व्रत को रखा जाता है. श्रावण माह में ही व्रत का उद्यापन भी किया जाना चाहिए. उन्होंने बताया कि सोलह सोमवार के साथ मंगला गौरी व्रत धारण करना विशेष फलदायी होता है. श्रावण मास में सोमवारी के साथ इस व्रत को भी अवश्य धारण करना चाहिए. इससे मांगलिक दोष दूर हो जाते हैं.

## शिक्षा सेवा के अफसरों का ताबड़तोड़ तबादला, 39 अफसर इधर से उधर

**रांची।** राज्य सरकार ने शिक्षा सेवा के 39 अफसरों का तबादला कर दिया है. स्कूली शिक्षा विभाग ने मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया.

- जैक के सचिव बने जयंत कुमार मिश्र

| कौन | कहां गए |
|---|---|
| मोहन जी झा प्राचार्य | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), पाकुड़ |
| जयंत कुमार मिश्र | सचिव झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची |
| सच्चिदानन्द तिग्गा | शासी पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद |
| बिनोद कुमार | जिला शिक्षा पदाधिकारी |
| संतोष गुप्ता . | प्राचार्य, प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण |
| | महाविद्यालय, सतबरवा, पलामू |
| नूर आलम खां | जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला |
| कैलाश मिश्र | जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला |
| मधुकर कुमार | शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, धोरमारा |
| अविनाश राम | जिला शिक्षा पदाधिकारी, कोडरमा |
| आकाश कुमार | महिला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग |
| अनुराग मिंज | जिला शिक्षा अधीक्षक गढ़वा |
| कविता खलखो, | जिला शिक्षा पदाधिकारी, गढ़वा |
| बबिता कुमारी | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चितरपुर, रामगढ़ |
| मिथिलेश केरकेट्टा | जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा |
| बादल राज, | जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची |
| प्रवीण कुमार | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चैनपुर |
| नयन कुमार | जिला शिक्षा अधीक्षक, गिरिडीह |
| मुकुल राज . | जिला शिक्षा पदाधिकारी, पाकुड़ |
| सौरम प्रकाश | जिला शिक्षा पदाधिकारी, साहेबगंज |
| मिथिला टुङ | जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोड्डा |
| दीपक कुमार . | जिला शिक्षा अधीक्षक, गोड्डा |
| अमृता सिंह | प्राचार्य, महिला जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण |
| | संस्थान, मेदिनीनगर, पलामू |
| दास सुनन्दा | जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा |
| रणधीर कुजूर . | प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रेहला, पलामू |
| राजेश पासवान | क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, जगरनाथपुर, प. सिंहभूम |
| विकेश कुणाल प्रजापति | जिला शिक्षा अधीक्षक, जामताड़ा |
| कंचन कुमारी | प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोडरमा |
| संदीप कुमार | जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू |
| जुही रानी | क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, राँची |
| गौतम कुमार साहू | जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार |
| आयुष कुमार | जिला शिक्षा अधीक्षक, धनबाद |
| कैसर रजा . | जिला शिक्षा अधीक्षक, पाकुड़ |
| अमित कुमार | क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी,बुंडू |
| दीपक राम प्राचार्य, | जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिमडेगा |
| भूतनाथ रजवार, | अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा |
| रामजी कुमार | प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, राँची में प्रतिनियुक्त |
| रकीब अंसारी | प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, राँची में प्रतिनियुक्त |
| रौशनी सिंह | अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग |

## स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विशेष कार्यक्रम

**रांची।** स्वर्णरेखा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आदित्य विक्रम जायसवाल शामिल हुए. कॉलेज प्रबंधन ने अनुरोध करते हुए कहा कि फार्मेसी की परीक्षाएं समय पर करवाने एवं पास किए हुए विद्यार्थियों का समय पर निबंधन काउंसिल में करवाने का आग्रह किया. मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने ऐसे अच्छे आयोजन एवं सम्मान के लिए कॉलेज के प्रधानाध्यापक, निदेशक एवं सभी शिक्षकों का आभार जताया. उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का परम धर्म सेवा करना है, कोविड में भी हमने देखा चिकित्सकों ने दिन रात मेहनत कर अपने मरीजों का इलाज किया.

### अग्निवीर जीडी के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आज, तीन जिलों के युवा भाग लेंगे

# राज्य के पांच जिलों के 1140 युवाओं ने दिखाया अपना दम

**खास बातें**

- मार्शलिंग एरिया में दी दलालों के बहकावे में न आने की सलाह
- इस्तेमाल किए गए दस्तावेज का सही व प्रमाणित होना अनिवार्य

संवाददाता ।रांची



खेलगांव के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले रहे युवक.

अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए राज्य के पांच जिलों के युवाओं ने मंगलवार को जोश के साथ सेना भर्ती रैली में हिस्सा लिया. खेलगांव के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में गढ़वा, जामताड़ा, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम व पाकुड़ के लगभग 1140 उम्मीदवारों ने दम दिखाया. उम्मीदवारों को दौड़ शुरू होने के पहले मार्शलिंग एरिया में बताया गया कि दलालों के बहकावे में न आयें. दलाल किसी का सिलेक्शन नहीं करवा सकते हैं, वे सिर्फ पैसा हड़पते हैं.

सेना भर्ती प्रक्रिया कंप्यूटर आधारित निष्पक्ष प्रक्रिया है. साथ ही उम्मीदवारों को बताया गया कि बोनस अंक पाने के लिए इस्तेमाल किए गए दस्तावेज का सही और प्रमाणित होना अनिवार्य है, जैसा ऑनलाइन फॉर्म भरते समय दर्शाया गया था. साथ ही बताया गया कि जिन उम्मीदवारों के कागजों में सामान्य कमी है, उन्हें उसे जमा करने के लिए समय भी दिया जा रहा है. क्षेत्रीय भर्ती रैली के अधिकारियों ने बताया कि जिन उम्मीदवारों का किसी कारण एडमिट कार्ड नहीं निकल पाया है, उनका एड्मिट कार्ड रैली स्थल पर निकाल कर दे दिया जाएगा. बुधवार को बोकारो, कोडरमा व गोड्डा के अभ्यर्थी सेना बहाली में शामिल होंगे.

### अभ्यर्थियों ने की रनिंग ट्रैक की सराहना

भर्ती रैली में दौड़ने के लिए रनिंग ट्रैक का इस्तेमाल किया जा रहा, जिससे अभ्यर्थी काफी खुश नजर आये . अभ्यर्थियों ने ट्रैक को दौड़ने के लिए बेस्ट ट्रैक बताकर इसकी काफी प्रशंसा की . साथ ही वे ट्रैक को लेकर काफी उत्साहित दिखे . सेना के अधिकारियों ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से रैली के दौरान हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है . रैली के दौरान चिकित्सा, पानी व पुलिस प्रशासन जैसी तमाम सुविधा मुहैया करवाई गई है .



## कौशल विकास प्रशिक्षण को लेकर सीसीएल और नैसकॉम के बीच एमओयू

**रांची ।** उभरती प्रौद्योगिकी में कर्मचारियों के कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को सीसीएल और नैसकॉम के बीच एक समझौता ज्ञापन किया गया. इस अवसर विशेष पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र और नैसकॉम के राष्ट्रीय लीडर सुधीर कुमार उपस्थित थे. यह समझौता ज्ञापन सीसीएल कर्मचारियों के बीच डिजिटल जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रयास को दर्शाता है. इससे सीसीएल के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में और गति आएगी, जिससे नए युग के डिजिटल कौशल में कुशल कार्यबल तैयार करने में मदद मिलेगी. जीएम (एचआरडी) आरके पांडे ने निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र और नैसकॉम के फ्यूचरस्किल्स प्राइम के राष्ट्रीय लीड सुधीर कुमार का स्वागत किया. हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि उभरती हुई डिजिटल तकनीक हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है.

# 3 से 10 अगस्त तक मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के शिविर का आयोजन

संवाददाता।रांची

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाई) का रांची जिला में सुचारू रूप से क्रियान्वयन को लेकर डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. जेएमएमएसवाई का लाभ देने के लिए जिला के ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत स्तर तथा शहरी क्षेत्र में वार्ड स्तर पर शिविर का आयोजन किया जायेगा. 3 से 10 अगस्त तक शिविर का आयोजन किया जायेगा. योजना के त्रुटिरहित क्रियान्वयन को लेकर डीसी, जिला के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कांके, शहर, अरगोड़ा, हेहल, बड़ागाँई, नामकुम, नगड़ी एवं बुण्डू, प्रशासक, बुण्डू नगर पंचायत, बुण्डू, सभी बाल, विकास परियोजना पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है. योजना के सफल कार्यान्वयन हेतु 3 अगस्त को सभी केन्द्रों पर निर्वाचित जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में समारोह पूर्वक इस योजना का शुभारम्भ करने का निर्देश दिया गया है. योजना के क्रियान्वयन हेतु आवेदन पत्र निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा. डीसी द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, शहरी क्षेत्र में अंचल अधिकारी के पर्यवेक्षण/ निगरानी में आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम निःशुल्क फॉर्म वितरण सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया है. शहरी क्षेत्र में जिस क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र कार्यरत नहीं है, वैसे क्षेत्र में संबंधित अंचल अधिकारी/नगर निकाय के पदाधिकारी को अपने-अपने कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया है.

### शिविर में बैंक प्रतिनिधि उपलब्ध रहें यह सुनिश्चित करें

योजना के लाभ के लिए प्रत्येक आवेदिका के बैंक खाते का आधार सीडिंग कराना आवश्यक है, ताकि आर्थिक सहायता राशि के भुगतान में कोई बाधा न हो . उपायुक्त द्वारा प्रत्येक शिविर में कम-से-कम एक बैंक के प्रतिनिधि/बैंकों के प्रतिनिधि आधार सीडिंग फॉर्म के साथ उपलब्ध रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा गया है . डीसी द्वारा जिला के सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, शहरी क्षेत्र के अंचल अधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, राँची, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को योजना के सघन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु निदेशित किया गया है .

## न्यूज अपडेट

### गुरुद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन समागम तीन को

**रांची।** गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में तीन अगस्त को विशेष कीर्तन समागम होगा. इसमें स्त्री सत्संग सभा और हजूरी रागी संग बीबी रागी जत्था बीबी सिमरन कौर, लुधियाना वाली शब्द गायन से संगत को निहाल करेंगी. मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि शाम साढ़े सात बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल के गायन से शुरुआत होगी. इसके बाद हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह कीर्तन कर भक्ति की अविरल धारा बहायेंगे. फिर रात साढ़े नौ से 11 बजे तक बीबी रागी जत्था गुरु भक्ति के तान छेड़ संगत को गुरबाणी से जोड़ेंगी.

### श्रीश्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया सुंदरकांड पाठ

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में मंगलवार को 112वां सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया. शाम चार बजे श्रीश्याम मित्र मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने हनुमान के दरबार में अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की. भोग निवेदित किया. इसके बाद श्री गणेश वंदना से पाठ की शुरुआत हुई. मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने सहयोगियों के साथ ढोलक, डफली, झांझ, करताल के सुरताल के साथ सस्वर पाठ कर भक्ति की अविरल धारा बहायी. शाम सात बजे आरती के साथ पाठ संपन्न हुआ. अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### आदिशक्ति श्रीजीणमाता का सिंधारा महोत्सव चार को

**रांची।** दिगंबर जैन भवन, हरमू रोड में चार अगस्त को आदिशक्ति श्रीजीणमाता का दूसरा वार्षिक सिंधारा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा. इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है. आनंद पाराशर ने बताया कि मौके पर मंगला पाठ और भक्ति गीतों के कार्यक्रम का खास आयोजन किया जायेगा. साथ ही श्रद्धालु बहती भजनरस धारा के बीच श्रीजीण माता का मेंहदी, चुनरी और गजरा महोत्सव पूरे उत्साह से मनायेंगे. उन्होंने बताया कि सुबह जीणधाम से आए पुजारी राजेशजी पाराशर नेम-निष्ठा से पूजन-अनुष्ठान संपन्न करायेंगे. इसके बाद दिन के एक बजे से पाठ और भजन रात आठ बजे तक चलेगा. आनंद ने बताया कि पाठ और भजन गायिका कोलकाता की शिल्पी वर्मा इसमें खास तौर से भागीदारी निभायेंगी. उन्होंने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने का आग्रह किया है.

### इनर ह्वील क्लब ने नेत्रहीन विद्यालय में बांटे सामान




नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों के साथ इनर ह्वील क्लब की सदस्याएं.

**रांची।** इनर ह्वील क्लब ऑफ रांची साउथ की सदस्याओं ने बड़गाई स्थित ब्रजकिशोर नेत्रहीन आवासीय विद्यालय सह कंप्यूटर सेंटर में जरूरी सामान बांटे. क्लब की सदस्याओं ने विद्यालय की बच्चियों की बीच सैनेटरी नैपकिन्स, चावल, दाल, चना, बिस्किट व अन्य सामान बांटे. संस्था की संस्थापक और उसको चलाने वाली नीलू वर्मा से क्लब की सदस्याओं ने उनकी कार्यशैली को जाना और उनके काम के लिए उनकी सराहना भी की. इस मौके पर इनर ह्वील क्लब की अध्यक्ष नीलम ललित, सचिव अन्नू, सुजाता, श्वेता, सुनीता और रीता गुप्ता मौजूद थीं.

### चैंबर के चुनाव की तिथि 7 अगस्त की बैठक में होगी तय

**रांची ।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी सत्र के चुनाव की तिथि और चेयरमैन/को-चेयरमैन का चयन 7 अगस्त को आहूत कार्यकारिणी समिति की बैठक में तय की जायेगी. यह सहमति मंगलवार को चैम्बर भवन में हुई. मीटिंग चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री की अध्यक्षता में हुई. बैठक में व्यापार-उद्योग से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई. प्रदेश में लॉ एंड आर्डर की समस्या पर भी चिंता जताई गई, कहा गया कि प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए मजबूत विधि व्यवस्था जरुरी है जिसपर जिला प्रशासन की ओर से ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है.

### सीसीएल में शतरंज व कैरम प्रतियोगिता प्रारंभ

**रांची ।** सीसीएल मुख्यालय का दो दिवसीय शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को दरभंगा हाउस प्रांगण में हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन विभागाध्यक्ष (कल्याण) सीसीएल रेखा पांडे ने किया, जिन्होंने रोहित महलका के साथ शतरंज के कुछ चाल भी चले. रेखा पांडे ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया और उनसे सीसीएल की सभी खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अनुरोध किया. बता दें कि मुख्यालय के 160 कर्मचारी शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं. शतरंज के शीर्ष 5 स्थान धारक और कैरम के 4 स्थान धारक 20 और 21 अगस्त 2024 को सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में आयोजित होने वाली सीसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज और कैरम प्रतियोगिता में भाग लेंगे. जिसमें सीसीएल के सभी क्षेत्रों की टीमें भाग ले रही हैं.

### एनएसयूआई ने डीएसपीएमयू के वीसी को घेरा

**रांची।** रांची जिला एनएसयूआई के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्विद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का घेराव कर ज्ञापन सौंपा. जिला अध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि कुलसचिव के पत्र से सूचना मिली कि डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास को बिना जांच पड़ताल किए दो से तीन घंटे के अंदर हटाना, पद से बर्खास्त किया जाना विवि के लिए दुर्भागपूर्ण है. ऐसा करना उच्च पदाधिकारियों की मानसिकता को दर्शाता है. मालूम हो कि विवि परिसर में और भी ऐसे कई शिक्षक है, जिनका मामला जांच कमेटी में लंबित है. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है कि विवि अपने निर्णय को वापस लें और उनका पद पुनः बहाल किया जाए.

### रेल दुर्घटना के दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**रांची।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के रांची जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार सिन्हा ने आये दिन हो रहीं रेल दुर्घनाओं पर चिंता व्यक्त की है. साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों की जांच पड़ताल करते हुए उसके दोषियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है. उन्होंने कहा है कि जिस तरह लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं और यात्रियों के जान माल का नुकसान हो रहा है.

### मीट-मछली की खुलेआम बिक्री पर रोक की मांग

**रांची।** सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जन मंच के संयोजक डॉ. प्रणव कुमार बब्बू ने राजधानी रांची के साथ ही पूरे झारखण्ड के प्रत्येक क्षेत्र में खुलेआम बिक रही मीट, मछली, मुर्गे की दुकानों पर रोक लगाने की मांग की है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव और रांची के उपायुक्त को भेजे गये पत्र में डॉ. बब्बू ने उक्त आशय की मांग की है.

**मान्यता** सर्वार्थ सिद्धि और ध्रुव योग में पूजन-अनुष्ठान से सिद्ध होंगे सभी मनोरथ

# कामदा एकादशी आज, दुर्लभ संयोग से बढ़ा मान

संवाददाता ।रांची

सावन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी बुधवार को कामदा एकादशी व्रत श्रद्धाभाव से मनायी जायेगी. श्रीश्याम मंदिर और बाला जी मंदिर में तो विशेष पूजन-अनुष्ठान होंगे ही, सनातनी घरों में भी नेम-निष्ठा से पूजा-अर्चना कर श्रीहरि के श्रीचरणो में श्रद्धा के पुष्प चढ़ायेंगे. इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग के पूरे दिन मान रहने और ध्रुव योग के दुर्लभ संयोग से इसका मान और भी बढ़ गया है. आचार्य श्रीकृष्ण के अनुसार धार्मिक मान्यता है कि शुभ योग और मुहूर्त में किया गया शुभ कर्म सर्वथा फलदायी होता है. ज्योतिष शास्त्र में ध्रुव योग को बेहद शुभ माना गया है. इस योग में विष्णु और माता पार्वती की पूजा करने से मन चाहे फल मिलते हैं. शुभ कार्यों में सिद्धि प्राप्त होती है. साथ ही इस एकादशी व्रत करने वालों को राक्षस योनि नहीं भोगना पड़ता. पुराणों में भी बताया गया है कि सावन मास की कामदा एकादशी का व्रत धारण करने वाले को वाजपेय और अश्वमेध यज्ञ के बराबर पुण्य फल मिलते हैं.



### सूर्योदय के बाद की जा सकती है पूजा

आचार्य श्रीकृष्ण ने पंचागों की गणना कर बताया कि एकादशी तिथि मंगलवार की शाम 04 : 44 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 31 जुलाई को दिन के 03 :55 मिनट पर होगा . अत: उदीयमान तिथि के अनुसार बुधवार को ही एकादशी का व्रत सर्वमान होगा . उन्होंने बताया कि इस दिन ब्राहम मुहूर्त 04 :18 से सुबह 05 :00 तक स्नान के लिए उत्तम समय है . सूर्योदय के बाद एकादशी की पूजा की जा सकती है . उन्होंने बताया कि ध्रुव योग सुबह से दिन के 02 :14 तक रहेगा . रोहिणी नक्षत्र पूर्वाह्न 10 :12 तक ही है, इसके बाद मृगशिरा नक्षत्र शुरू हो जायेगा .

### श्रीश्याम मंदिर में एकादशी कीर्तन

श्रीश्याम मंदिरों में एकादशी कीर्तन का खास आयोजन किया जा रहा है . श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में सुबह विशेष पूजन-अनुष्ठान किए जायेंगे . रात साढ़े नौ बजे से भजन-संकीर्तन की जायेगी . मुख्य यजमान राजेश पत्नी सारिका सिंघानिया संग सपरिवार अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर कीर्तन की शुरुआत करेंगे . श्रीश्याम मंडल और श्रीश्याम संघ की ओर से भी एकादशी कीर्तन किया जाएगा . श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बाला जी मंदिर में विशेष पूजन-अनुष्ठान किए जायेंगे .

## हॉकी चैंपियनशिप के दोनों वर्गों के फाइनल में झारखंड

संवाददाता।रांची

दूसरी सब जूनियर ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप 2024 में दोनों वर्गों के फाइनल में झारखंड ने प्रवेश कर लिया. मंगलवार को खेले गए सेमी फाइनल मुकाबले में झारखंड महिला टीम ने बिहार को 4-0 से मात दी.

झारखंड की ओर से सुगन सांगा ने शानदार प्रदर्शन किया. वहीं दूसरी ओर झारखंड पुरुष हॉकी टीम ने मणिपुर को 6-3 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया. पुरुष टीम के निकोलस टोपनो को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. इस जीत के साथ झारखंड की दोनों टीमें फाइनल में प्रवेश कर गईं. बुधवार को दोनों ही टीम अपना फाइनल मुकाबला ओडिशा के साथ खेलेगी. फाइनल में पहुंचने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई तथा अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दीं. बता दें 24 से 31 जुलाई तक प्रतियोगिता का आयोजन असम के गुवाहाटी में होगा.





### ब्रीफ खबरें

#### नामकुम में मोबाइल टावर से 48 पीस बैट्री की चोरी

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोच बोंग स्थित मोबाइल टावर से चोरों ने 48 पीस बैट्री चुरा ली. घटना सोमवार देर रात की है. वहीं बैट्री चोरी होने से टावर साइड डाउन हो गया. इस मामले में इंदु टावर लिमिटेड कंपनी के टेक्नीशियन नवनीत कुमार हिमांशु ने खरसीदाग ओपी में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. थाने में दिए आवेदन में नवनीत ने बताया है कि रात लगभग डेढ़ बजे टावर साइड डाउन होने पर जब वे कोचबोंग टावर पहुंचे तो देखा किमात्र 24 पीस बैट्री बची है. इस मामले में ओपी प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है.

#### कुत्ते को बचाने में बाइक सवार दो भाई घायल

**मांडर।** थाना क्षेत्र के बाजारटांड़ के पास एक कुत्ता को बचाने के दौरान बाइक से गिरकर दो सगे भाई घायल हो गए. घटना मंगलवार शाम की है. बताया जाता है कि सुरसा निवासी जहीर अब्बास और सरताज अंसारी बीजूपाड़ा से काम कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे. हादसे में गंभीर रूप से घायल जहीर को मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया.

#### नगड़ी पुलिस ने बालू लदे 14 हाइवा जब्त की

**पिस्कानगड़ी।** थाना क्षेत्र के मेला टिकरा के पास पुलिस ने छापेमारी कर बालू लदे 14 हाइवा को जब्त कर लिया. घटना मंगलवार की भोर चार बजे की है. बताया जाता है कि एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना पर नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने पुलिस बल के साथ नाकेबंदी कर बालू लदा हाइवा पकड़ा. पुलिस को देखते ही बालू लदे वाहनों के चालक, खलासी सहित बालू तस्कर भाग निकले. इस संबंध में नगड़ी थानेदार ने बताया कि जब्त वाहनों और उनके मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला खनन विभाग को लिखा गया है.

#### दो गुटों में मारपीट, थाने का किया घेराव, मामला दर्ज

**रांची।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के इमली पेड़ के मंदिर के समीप दो गुटों में मारपीट के बाद एक गुट के लोगों ने सोमवार देर रात थाने का घेराव किया. मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस पर गश्त नहीं करने का आरोप लगाया. साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार देर रात को हिंदपीढ़ी थाने पहुंच गए और हंगामा किया. मारपीट में दोनों पक्षों के युवकों को चोट लगी है. एक पक्ष से अब्दुल्ला हसनैन ने मंगलवार को चार नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है. दूसरे गुट से डेली मार्केट निवासी हर्षित प्रसाद ने अब्दुल्ला हसनैन और दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. पुलिस एक पक्ष से तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

#### मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला की मौत

**मांडर।** ट्रेन मालगाड़ी के चपेट में आने से बाजरा गांव की एक महिला की मौत हो गई. मृतिका की पहचान बाजरा गांव निवासी रूबी खातून उम्र (26) वर्ष के रूप में की गई. घटना टांगरबसली रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ओवर ब्रिज के पास हुई. वह ट्रेन पटरी करोस कर रही थी ओवर ब्रिज के पास अंधेरा के कारण इसी बीच अचानक मोड़ से ट्रेन आ गई. पटरी पर अचानक आए ट्रेन को देख जबतक कुछ समझ पाती. वह ट्रेन की चपेट में आ गई.घटना के खबर मिलते ही गांव के सभी ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच लोगों मे शोक की लहर है.

#### बेड़ो से उज्जैन के लिए कांवरियों का दल रवाना

**बेड़ो।** प्रखंड के महादानी मंदिर से कांवरियों का दूसरा जत्था मंगलवार की सुबह 10 बजे उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन और जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुआ. इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा-अर्चना कर दरबार में मत्था टेका और क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की. इस दौरान जय महाकाल और महादानी बाबा के जयघोषों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा. जत्था का नेतृत्व कर रहे सौमित्र शर्मा ने बताया कि कांवरियों का दल एक साथ यहां से क्षिप्रा नदी पहुंचेगा, जहां क्षिप्रा और नर्मदा नदी में स्नानकर भगवान महाकाल का दर्शन कर जलाभिषेक करेगा.

**ट्रेन हादसे की कहानी यात्रियों की जुबानी** राजखरसावां व बड़ाबाम्बो के बीच हावड़ा-मुंबई मेल हादसा

# तेज आवाज के साथ पलट गई बोगी, चारों ओर भयावह मंजर



मौके बचाव व राहत कार्य के लिए मौजूद रेल, प्रशासन व पुलिस के अधिकारी.

#### ट्रेन डगमगाने लगी और पलट गई



रश्मि बन्सोल.

चक्रधरपुर के रेलवे अस्पताल में इलाजरत युवा कांग्रेस की सदस्य रश्मि बन्सोल अपनी मां आशा कराकर के साथ ट्रेन के एसी कोच ए टू में यात्रा कर रही थी. उन्होंने बताया कि जिस वक्त घटना हुई वह और उसकी मां सो रही थी. ट्रेन लगभग 120 से 130 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड में होगी. अचानक ट्रेन डगमगाने लगी और पलट गई.

#### शौचालय का दरवाजा टूटकर गिरा



साहेब आलम

हावड़ा-मुंबई मेल में हावड़ा से मुंबई की यात्रा कर रहे साहेब आलम ने बताया कि वह ट्रेन के एसी कोच बी-5 में यात्रा कर रहे थे. ट्रेन जब दुर्घटना ग्रस्त हुई उस वक्त वे ट्रेन के शौचालय में थे. ट्रेन जोरदार धक्के के साथ पलट गई. इससे शौचालय का दरवाजा टूटकर उनपर जा गिरा. इसके बाद वे टूटे दरवाजे को अपने ऊपर से हटाकर बाहर निकले.

#### पत्थर से रगड़ाने की आवाज आयी



सुमनदीप

कोलकाता निवासी सुमनदीप नाथ ने बताया कि वे अपने मित्र प्रदीप अग्रवाल के साथ हावड़ा से मुंबई जा रहे थे. दोनों ट्रेन के अंतिम छोर में जेनरल डिब्बे में सवार थे. घटना के वक्त दोनों दोस्त आपस में बात कर रहे थे. इस बीच अचानक ट्रेन की पहियों के पत्थर से रगड़ाने की आवाज आयी और मानो जोरदार धक्का हुआ हो.

#### ट्रेन में आग लगने की फैली थी अफवाह



माधव मंडल.

हावड़ा-मुंबई मेल में हावड़ा से मुंबई अपनी पत्नी के इलाज के लिए जा रहे हावड़ा के उलीबेड़िया निवासी माधव मंडल ने बताया कि जिस वक्त ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हुई वे सो रहे थे. दुर्घटना होने के बाद वे और उनकी पत्नी सीट से नीचे गिर गये. इससे उनके सिर में चोट पहुंची. वहीं पत्नी सरस्वती मंडल के भी शरीर के अंदरुनी हिस्सों में चोट लगी.

**शंभू कुमार । चक्रधरपुर**

राजखरसावां व बड़ाबाम्बो रेलवे स्टेशन के बीच मंगलवार अहले सुबह लगभग 3 बजकर 45 मिनट पर दुर्घटनाग्रस्त हुई हावड़ा-मुंबई मेल ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने बताया कि पहले तीव्र गति के साथ कंपन हुआ. उसके बाद जोर की तेज आवाज के साथ ट्रेन पलट गई. ट्रेन की बोगियों की लाइटें बंद हो गई. अधिकांश यात्री उस वक्त सो रहे थे. इस बीच किसी ने आग लगने की अफवाह भी फैला दी. इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई. ट्रेनों में सामान बिखर गये थे. एसी कोच के कांच टूटकर ट्रेनों में बिखर गये. कई अपना सामान छोड़कर ट्रेन से नीचे उतरे. ओएचई तार में विद्युत प्रवाह के खतरे के बीच यात्री ट्रेन से जैसे-तैसे नीचे उतरे. नीचे उतरने के बाद यात्रियों के सामने चारों ओर अंधेरा था. बोगियां एक-दूसरे पर चढ़ी हुई थी. ओएचई तार आदि जगह-जगह टूटे हुये थे. कई घायल दर्द से कराह रहे थे. ट्रेन के आसपास सभी यात्री जमा हो गये. थोड़ी देर बाद स्थानीय ग्रामीणों का आना शुरू हुआ. सुबह लगभग छह बजे एम्बुलेंस व अन्य वाहनों से घायलों को अस्पताल भेजा गया.

# व्रजपात से सात लोगों की मौत, आधा दर्जन झुलसे

- मांडर में चार, चान्हो में दो व रातू में एक की हुई मौत

**संवाददाता । मांडर/चान्हो/रातू**



मृतक के परिजन रोते हुए.

रांची जिले मांडर,चान्हो व रातू में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सात लोगों की मौत हो गयी जबकि इस हादसे में आधा दर्जन लोग झुलस गए, जिनको इलाज के लिए मांडर रेफरल अस्पताल ले जाया गया है. इनमें से दो को गंभीर हालत में रांची के रिम्स रेफर कर दिया गया है. बाकी घायलों का उपचार मांडर में ही चल रहा है. मांडर थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में मंगलवार दोपहर आकाशीय बिजली की घटना में करीब आठ लोग झुलस गये. इन सभी को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बसकी गांव निवासी नीरज उरांव (36 ), कैम्बो गांव निवासी संजय एक्का ( 22 ) और रातू तिलता के रहने वाले राजेश उरांव (20 ) को मृत घोषित कर दिया. चान्हो के लुंडरी निवासी तीस वर्षीय देवकी उरांव की भी वज्रपात से मौत हो गई. वहीं चान्हो प्रखंड के ही कंजगी निवासी चालीस वर्षीय सकलू उरांव खेत में मेढ़ बनाने के क्रम में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से झुलसकर घायल हो गए. इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई. रातू प्रखंड के थाना क्षेत्र के बिजुलिया में खेत में मंगलवार की शाम करीब 4 बजे खेत में धनरोपनी कर रही मदन बैठा की पत्नी 45 वर्षीया पुष्पा देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी. आनन-फानन में उसे वरदान हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी. जबकि कैम्बो के अभिनाश लोहरा ( 16 ), लक्षण उरांव ( 22 ), धनिया उराईन ( 45 ) और रोशनी तिग्गा गंभीर रूप से झुलसे हैं. दूसरी ओर मुड़मा मसमनो गांव में भी आकाशीय बिजली गिरने से किशुन गोप (50 ) नामक व्यक्ति घायल हो गया.मांडर रेफरल अस्पताल प्रभारी चिकित्सक डॉ. किशोर कुल्लू ने बताया कि वज्रपात की चपेट में आकर झुलसे हुए 8 लोगों को यहां लाया गया, जिनमें जांच के बाद पांच को मृत घोषित किया गया. बाकी घायलों में दो लोगों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है. इसके अलावा शेष तीन मरीजों का मांडर रेफरल अस्पताल में ही इलाज किया जा रहा है. फिलहाल इन तीनों की हालत स्थिर है. मांडर इंस्पेक्टर जय प्रकाश राणा ने बताया कि घायलों का इलाज चल रहा है. तीनों किसान खेत में काम करते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए थे.

मंगलवार लगभग शाम चार बजे सभी लोग खेत में रोपा रोपने गए थे. इसी बीच जोरदार बारिश के साथ आकाशीय बिजली की घटना हुई. बताया जाता है कि रातू तिलता निवासी राजेश उरांव का ससुराल कैम्बो गांव के बिरसा उरांव में घर है. वह तिलता से रोपा रोपने के लिए अपने ससुराल आया था लेकिन उनकी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई. इस घटना के बाद कैम्बो और बसकी गांव में मातम छाया है.

#### बुढ़मू में दो वारंटियों को पुलिस ने भेजा जेल

**बुढ़मू।** बुढ़मू पुलिस ने दो वारंटियों मतवे निवासी समसुद्दीन अंसारी और जाबिर अंसारी को गिरफ्तार कर मंगलवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया. दोनों आरोपियों पर गांव के एक व्यक्ति को जान मारने की नियत से हमला करने का आरोप है.

#### बीपीओ को प्रभार मुक्त कर रोका गया वेतन

**सोनाहातू।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विमलकांत झा को प्रभार मुक्त कर दिया गया है. साथ ही वेतन पर भी रोक लगा दी गई है. इसका आदेश रांची जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा ने जारी कर दिया है.प्रखंड के बारूहातू प्राथमिक विद्यालय के एक छात्र से सर्टिफिकेट वेरीफिकेशन के नाम पर 1500 रुपये की घूस ली गई थी. मामला सोशल साइट पर काफी वायरल हुआ. मामले को लेकर सोनाहातू के जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा ने जिला शिक्षा अधीक्षक रांची को ज्ञापन देकर मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की मांग की थी. जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की थी. समय पर स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने पर प्रखंड शिक्षा प्रचार पदाधिकारी विमलकांत झा के खिलाफ कार्रवाई की गई है.

## नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई करें : डीआईजी



एसपी के साथ समीक्षा करते उत्तरी छोटानागपुर रेंज डीआईजी सुनील भास्कर.

**संवाददाता । हजारीबाग**

उत्तरी छोटानागपुर रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिलावार अपराध की समीक्षा की. बैठक में हजारीबाग, गिरिडीह, कोडरमा, चतरा एवं रामगढ़ के एसपी शामिल रहे. समीक्षा बैठक के दौरान डीआईजी ने नक्सलियों और संगठित आपराधिक गिरोह के अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

इसके अलावा हत्या, डकैती, लूट, चोरी, गृहभेदन, आर्म्स एक्ट, फिरौती के लिए अपहरण, रंगदारी, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट से संबंधित कांडों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई. डीआईजी ने इनने से कांडों का शीघ्र निष्पादन करने को कहा. वहीं, अपने-अपने जिले में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया.

जिले में प्रवेश और निकासी के मार्गों को चिह्नित कर वहां बैरेकेडिंग बैरियर लगाने को भी कहा गया. इसके अलावा रात्रि गश्ती और वरीय पदाधिकारियों से चेकिंग करवाने का निर्देश दिया. वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लिए सुरक्षा प्लान बनाने को कहा गया.

#### चौपारण में चाल धंसने से दो की मौत, दो घायल

**चौपारण।** प्रखंड के डेबो पंचायत के रेनबो कर्मा स्थित पत्थर खदान में मंगलवार की दोपहर चाल धंस गया. इस हादसे में दो मजदूरों का मौत हो गयी, जबकि दो मजदूर घायल हो गए. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पत्थर खदान में 20 से 25 मजदूर अलग-अलग जगह पर काम कर रहे थे. इसी बीच एक मजदूर, जो पत्थर खदान में ड्रिल का कार्य कर रहा था, अचानक उसके ऊपर खदान का चाल धंस गया. उसे बचाने के लिए तीन मजदूर उसकी तरफ दौड़े और उसे निकालने का प्रयास करने लगे. इसी क्रम में दुबारा चाल धंस गया और तीनों मजदूर भी दब गए. इसके बाद अन्य मजदूरों की मदद से चारों को बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया गया. इनमें एक मजदूर की पहले ही मौत हो चुकी थी, जबकि एक और मजदूर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. वहीं, अन्य दो घायल मजदूरों की हालत स्थिर बतायी जा रही है. इस हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान रेनबो कर्मा गांव निवासी जाफर मियां का पुत्र मो समसुद्दीन अंसारी (45) और सोम भुइयां का पुत्र मनोज भुइयां (25) के रूप में हुई है.

## गुमला में ज्वेलर्स दुकान में की गोलीबारी, एक घायल



जांच करती पुलिस व मौजूद भीड़.

**संवाददता । गुमला**


जिले के टावर चौक स्थित कनक ज्वेलर्स में मंगलवार दोपहर अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया. दिनदहाड़े हुई इस घटना में दुकान के मालिक प्रकाश कुमार के हाथ को छूकर गोली निकल गयी. जानकारी के मुताबिक, दो बाइक पर सवार होकर पांच अपराधी दुकान में घुसे और ताबड़तोड़ गोलियां चलाने लगे. वारदात के वक्त दुकान में ग्राहक भी मौजूद थे. गनीमत रही कि किसी ग्राहक को गोली नहीं लगी.

वारदात के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये. इसके बाद दुकान के कर्मियों ने घायल आभूषण व्यवसायी को सदर अस्पताल, गुमला में भर्ती कराया. इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. बताया जा रहा है कि अपराधी डकैती की मंशा से आए थे. इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में दहशत का माहौल है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराधियों की पहचान और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है. इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. इस घटना के पीछे डकैती मकसद भी हो सकता है. फिलहाल, सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है.

**उपलब्धि** 400 करोड़ की लागत से बननेवाली सैयलो प्रोजेक्ट योजना को धरातल पर उतारने की कवायद

# डकरा में रेल लाइन बिछाने का कार्य युद्धस्तर पर शुरू

**संवाददाता । डकरा**



डकरा भूतनगर में रेल लाइन बिछाने का कार्य मे लगे जेसीबी मशीन

कोयला मंत्रालय की फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजना के तहत सीसीएल एनके एरिया की केडीएच साइडिंग में लगभग 400 करोड़ की लागत से बननेवाली सैयलो प्रोजेक्ट योजना को धरातल पर उतारने की कवायद शुरू हो गई है. वहीं केडीएच साइडिंग से 550 करोड़ की लागत से 10 किलोमीटर नयी रेल लाइन बिछाने का काम राइट्स कंपनी युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है. रैक के माध्यम से कोयले की ढुलाई को लेकर पुरानी रेल लाइन को दुरुस्त किया जा रहा है. साथ ही मेन लाइन तक दो नई रेल लाइन बिछाने का कार्य भूतनगर में युद्धस्तर पर चल रही है. रेल लाइन भूतनगर से होकर केडीएच वर्कशॉप के पिछले हिस्से से गोलाकार होते हुए रेलवे ट्रैक केडीएच साइडिंग तक जाएगी. जहां खदान के मुहाने से बेल्ट के माध्यम से कंप्यूटराइज प्रणाली के तहत रैक में कोयला लदान का काम होगा. इस परियोजना से सीसीएल को कम खर्च के साथ फास्ट कोयला डिस्पेच व प्रेषण करने में मदद मिलेगी.

#### राय स्टेशन में स्टेशन परामर्श समिति की हुई बैठक



**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खलारी और राय स्टेशन में स्टेशन अधीक्षक की अध्यक्षता में मंगलवार को स्टेशन परामर्श समिति की बैठक आयोजित की गई. जिसमें रेलवे की तरफ से स्टेशन अधीक्षक खलारी जॉन सोरेन, स्टेशन अधीक्षक राय संजीव कुमार, यातायात निरीक्षक, उमेश कुमार, वाणिज्य निरीक्षक, आशुतोष कुमार एवं परामर्श समिति की ओर से शैलेंद्र शर्मा, राम कुमार दुबे, गोपाल महतो, सुबोध कुमार पांडेय, लखन उरांव, कामेश्वर महतो शामिल हुए. परामर्श समिति ने खलारी और राय स्टेशन पर नागरिक सुविधा बढ़ाने को लेकर कई सुझाव रखे. सुझावों में स्टेशनों को अपग्रेट करते हुए अमृत भारत योजना के अंतर्गत विकसित किये जाने, प्लेटफार्म का विस्तारीकरण, स्टेशन पर नया फूट ओवरवीज रैंप के साथ, यात्री शेड की संख्या बढ़ाने, स्वक्ष पेय जल, वेटिंग हॉल, व्हील चेयर व विकलांग बाथरूम, सुरक्षा बढ़ाने, सफाई, प्रकाश, कई ट्रेनों के ठहराव सहित 28 परामर्श समिति के सदस्यो ने रखा.

### न्यूज अपडेट

#### नेशनल स्पोर्ट्स में डीएवी सिल्ली के छात्राओं ने जीता पदक



**सिल्ली/मुरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल खूंटी में नेशनल स्पोर्ट्स (क्लस्टर लेवल - 5) फुटबॉल खेल का आयोजन किया गया था. जिसमें डीएवी सिल्ली के अंडर-19 के छात्रों ने डीएवी खलारी के अंडर 19 के छात्रों को फुटबॉल में हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया. सोमवार को स्कूल परिसर में स्कूल प्रबंधन की ओर से सफल छात्रों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या बी. शरण ने कहा की हमारे स्कूल के बच्चे अधिकांशत ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं , जहां उन्हें खेलने के लिए इतनी अच्छी सुविधा नहीं मिलती हैं , इसके बावजूद भी फुटबॉल में स्वर्ण पदक लाना हमारे स्कूल के लिए गौरव की बात है.

#### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रातू।** थाना क्षेत्र के झखराटांड़ में नव विवाहिता पिंकी देवी ने घर के कमरे में लगे पंखे में साड़ी को फंदा बना उस पर झूल आत्म हत्या कर ली. घटना सोमवार रात की है. मंगलवार की सुबह सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची. मृतका के शव का पंचनामा कर रिम्स में पोस्ट मार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया. देर शाम उसकी अंत्येष्ठि कर दी गयी. पिंकी देवी की शादी दो माह पूर्व बजरंग साहू उर्फ रिकू के साथ हुयी थी.

#### लापता युवक का शव झिरी तालाब से मिला

**रातू।** पुलिस ने झिरी स्थित पत्थर खदान के एक तालाब से 26 वर्षीय अभिषेक वर्द्धन नामक युवक का शव बरामद किया है. वह बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु निवासी स्व आशीष वर्द्धन का पुत्र था. परिजनों ने बताया कि अभिषेक सोमवार को घर से निकला और देर रात तक नहीं लौटा. काफी खोजबीन की गयी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला. इससे विवश होकर उन्होंने बरियातू थाने में गुमसुदगी का संहा दर्ज कराया था.

#### कांग्रेस नेत्री इंदिरा ने कृषि मंत्री से की मुलाकात

**खलारी।** कांग्रेस पार्टी की झारखंड प्रदेश सचिव इंदिरा देवी तूरी ने राज्य के कृषि मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह रांची के धुर्वा के आवास में जाकर शिष्टाचार मुलाकात की. इस मुलाकात में कांग्रेस नेत्री ने मंत्री दीपिका पांडेय को कृषि मंत्री बनने पर बधाई दी, साथ ही कृषक मित्रों के मानदेय पर चर्चा की. कृषि मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही किसानों के हित में फैसला लेगी. मंत्री से मुलाकात करने वाले कांग्रेस नेताओं में कांग्रेस प्रदेश कॉर्डिनेटर बिनोद साहू, छात्र नेता कुमार रौशन सहित कई लोग शामिल थे.

#### झाड़ी से सड़क पर आवागमन हो रहा है बाधित

**बुंडू।** बुंडू थाना की झाड़ी से थाना के पीछे की सड़क लोगों के आवागमन के लिए बाधित हो रहा है. तेज रफ्तार और आगे का रास्ता नहीं दिखने के कारण कई बार की दुर्घटनाएं भी घटी है. बुंडू थाना परिसर में ही बड़ा महिला थाना भवन बनाया जा रहा है. महिला थाना बनाने वाले ठीकेदार जिस जगह थाना भवन बनाया जाना है उस जगह की झाड़ियों की सफाई करने के उपरांत कचड़ों को पीछेवाली सड़क पर फेंक दिया है. जिसके कारण सड़क और भी संकीर्ण हो गया है .

#### आरपीएफ ने भारी मात्रा में शराब किया जब्त

**रांची।** आरपीएफ ने टाटीसिलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है. एएसआई रवि शेखर ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत 47 (शराब की बोतल और केन बियर जब्त किया गया है. उन्होंने बताया कि रांची रेल मंडल के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश के बाद आरपीएफ टीम लगातार अवैध रूप से शराब और मादक पदार्थों के तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है.

#### बाहरी भागाओ स्थानीय को जनप्रतिनिधि बनाओः डॉ. भगत

**इटकी।** प्रखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजसेवी सलीम अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बैठक हुई . जिसमे इटकी प्रखंड के सभी पंचायतों के ग्रामीण मौजूद रहे. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए. मौके पर मुख्य रूप मौलाना रफीक साहब, जमाउद्दीन अंसारी, ऊमर कुरैशी, जुबैर कुरैशी, मोहसिन अंसारी, अबुल अंसारी, फैजान अख्तर, शकील अंसारी, साजिद अंसारी, सुजीत एक्का आदि शामिल थे.

#### पत्रकार के परिवार पर हमले से मीडियाकर्मी आक्रोशित

**रातू।** रातू के हुरहुरी में रहने वाले पत्रकार शेख मुजिबुल के परिवार पर 28 जुलाई की शाम जानलेवा हमले और दुकान में तोड़फोड़ को लेकर मीडिया कर्मियों का गुस्सा उबाल पर है. आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रातू, मांडर, चान्हो, बुढ़मू, ठाकुरगांव, नगड़ी और इटकी के दर्जनों पत्रकारों ने मंगलवार की शाम रंगनाथ चौबे की अगुआई में थानेदार शशिभूषण चौधरी से मुलाकात की और घटना पर आक्रोश व्यक्त किया.

#### लेखन व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में रूपाली प्रथम

**सोनाहातू।** राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना परिषद ने डायट रातू में जिलास्तरीय सभी सरकारी और निजी विद्यालयों द्वारा कक्षा 6 से 12 तक के छात्र छात्राओं के बीच किशोरावस्था से संबंधित कॉमिक लेखन एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता विभिन्न विषयों पर आयोजित किए गए थे . जिसमें पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सोनाहातू की कक्षा इंटर विज्ञान की छात्रा रूपाली कुमारी ने कॉमिक लेखन में प्रथम तथा कक्षा 8 की छात्रा रम्भा कुमारी ने पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है .

#### सीएम से मिले झारखंड पुलिस एसोसिएशन के लोग

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन और झारखंड पुलिस मेन्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला. मुलाकात के दौरान राज्य के पुलिस पदाधिकारियों-कर्मियों को वर्दी भत्ता, राशन भत्ता, वाहन भत्ता और अन्य भत्तों को केन्द्रीय सरकार एवं पड़ोसी राज्य बिहार सरकार के तर्ज पर पुनरीक्षित दर से लागू करने के लिए अनुरोध किया गया. इस संबंध में मुख्यमंत्री ने सभी भत्तों को पुनरीक्षित दर से शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया गया.

#### कालीचरण ने लोस में उठाया खूंटी बाइपास सड़क निर्माण का मामला

**खूंटी।** खूंटी के कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को लोकसभा में खूंटी बाइपास का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि खूंटी भगवान बिरसा मुंडा की धरती है. वर्षों से बाईपास सड़क का निर्माण यहां जनता की प्रमुख मांग है. उन्होंने इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने आग्रह सदन में किया. उन्होंने कहा कि इससे खूंटी की जनता को जाम से राहत मिलेगी. सदन को उन्होंने बताया कि खूंटी में चारों दिशाओं के औद्योगिक क्षेत्र से भारी वाहनों का प्रवेश खूंटी की मुख्य सड़क पर होता है.

